ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 242

दिनांक 05 दिसम्बर, 2023

कृषि महाविद्यालय

242. डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में कृषि महाविद्यालयों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में स्थापित किए गए नए कृषि महाविद्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) कृषि सहित कृषि शिक्षा राज्य का विषय है। तद्नुसार, राज्यों में कृषि महाविद्यालयों की स्थापना सहित उनके रिकार्ड के रख-रखाव का कार्य संबंधित राज्य सरकारों के कार्य क्षेत्र में आता है।

(ख) केंद्र सरकार के 03 केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय और 04 मानद विश्वविद्यालय निम्नानुसार हैं:

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (सीएयू)
i केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर
ii डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार
iii रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश

मानद विश्वविद्यालय (डीयू)
i केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुम्बई, महाराष्ट्र
ii भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली - 110012
iii भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली, उत्तर प्रदेश
iv राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों के तहत महाविद्यालयों का विवरण अनुबंध - I में दिया गया है।

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों के अलावा, विभिन्न राज्यों में 65 राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू) कार्य कर रहे हैं, जो कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों से संबंधित पूरे देश की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं।

(ग) केंद्र सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई कृषि महाविद्यालय स्थापित नहीं किया गया है।

******

अनुबंध-I

{लोक सभा के दिनांक 05.12.2023 के अतारांकित प्रश्न सं. 242 का भाग (ख)}

विश्वविद्यालयों (केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों और मानद विश्वविद्यालों) तथा इनके महाविद्यालयों की सूची

क्र.सं.	**विश्वविद्यालयों के नाम**	**संघटक महाविद्यालय**
1	केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर	1. कृषि महाविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर 2. खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इम्फाल 3. पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जालुकी, नागालैंड 4. पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, आइजोल, मिजोरम 5. बागवानी महाविद्यालय, थेन्जॉल, मिजोरम 6. कृषि विज्ञान स्नातकोत्तर अध्ययन महाविद्यालय, उमियम, मेघालय 7. कृषि महाविद्यालय, किर्डेमकुलई, मेघालय 8. सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, तुरा, मेघालय 9. कृषि अभियांत्रिकी एवं कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रानीपूल, सिक्किम 10. बागवानी महाविद्यालय, बरमियोक, सिक्किम 11. मात्स्यिकी महाविद्यालय, लेम्बुचेर्रा, त्रिपुरा 12. बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, पासीघाट, अरूणाचल प्रदेश 13. कृषि महाविद्यालय, पासीघाट, अरूणाचल प्रदेश
2	डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार	1. तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर, बिहार 2. मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर, बिहार 3. पंडित दीनदयाल उपाध्याय बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, पिपराकोठी, मोतिहारी, बिहार 4. सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार 5. कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार 6. मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार 7. कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार 8. स्कूल ऑफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट (एसएबी एंड आरएम), पूसा, समस्तीपुर, बिहार
3	रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश	1. कृषि महाविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश 2. बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश 3. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, दतिया, मध्य प्रदेश 4. मात्स्यिकी महाविद्यालय, दतिया, मध्य प्रदेश

*****